

भजन गाते नरेंद्र चंचल व झूमते श्रद्धालु। (कुलदीप)

माता की भेंटों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

सोनीपत, 27 जनवरी (ब्यूरो): गांव नात्थूपुर स्थित टी.डी.आई. कंपनी के माता वैष्णो देवी मंदिर पर माता की चौकी का आयोजन किया गया। इस दौरान विख्यात भजन गायक नरेंद्र चंचल के भजनों पर श्रोता झूमने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम में टी.डी.आई. समूह के चेयरमैन डी.एन. तनेजा ने माता की चौकी की स्थापना और दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान भजन गायक नरेंद्र चंचल ने जैसे ही भजनों की प्रस्तुति देना शुरू किया तो दर्शक भाव विभोर होकर झूमने लगे। कार्यक्रम में करीब 2 हजार श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा। माता की चौकी के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारा लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान कमल तनेजा, रितेश विझानी व कल्पना गौतम आदि भी मौजूद रहे।